भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4687

उत्तर देने की तारीख 31.03.2022

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र को राहत पैकेज

4687. श्रीमती भावना गवली (पाटील):

श्री कृपाल बालाजी तुमाने:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार महाराष्ट्र के यवतमाल-वाशिम और रामटेक संसदीय क्षेत्रों में उन कामगारों को राहत पैकज देने की योजना बना रही है, जो अपनी नौकरी खो चुके हैं या खोने के कगार पर हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) गत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान राज्य-वार कितनी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम कंपनियां बंद हुई हैं और दिवालिया घोषित की गई हैं;

(घ) क्या सरकार इस क्षेत्र में छोटी कंपनियों के बंद होने के कारण भविष्य में नौकरियों के नुकसान को रोकने के लिए कोई योजना बना रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) से (ङ): चूंकि एमएसएमई औपचारिक और अनौपचारिक दोनो क्षेत्रों में कार्य करते हैं, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में भारत सरकार द्वारा एमएसएमई के अस्थायी और स्थायी रूप से बंद होने और दिवालिया होने से संबंधित आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। भारत सरकार देश में रोजगार सृजित करने के लिए विभिन्न कदम उठाएं हैं। आत्मनिर्भर भारत पैकेज में देश को आत्म-निर्भर बनाने और रोजगार के अवसरों को सृजित करने के लिए विभिन्न दीर्घावधि योजनाएं/कार्यक्रमों/नीतियां शामिल हैं। सरकार रोजगार सृजित करने के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वयन कर रही है (i) प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई); (ii) प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी); (iii) गरीब कल्याणरोजगार अभियान (जीकेआरए); (iv) आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना(एबीआरवाई); (v) प्रधान मंत्री पथ विक्रेता आत्म निर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना; आदि हैं।

*****